# जिलाधिकारी महोदय, की अध्यक्षता में दिनांक 28.03.2026 को कलैक्ट्रेट सभागार, अलीगढ़ में "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन/जिला तकनीकी इकाई (डी0डब्ल्यू0एस0एम0/डी0टी0यू0) की सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत।

जिलाधिकारी महोदय, की अध्यक्षता में दिनांक 28.03.2026 को कलैक्ट्रेट सभागार, अलीगढ़ में "जल जीवन मिशन" योजनान्तर्गत सम्पन्न समीक्षा बैठक में निम्नलिखित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे:-

1. मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़।
2. जिला पंचायत राज अधिकारी, पंचायतीराज विभाग, अलीगढ़।
3. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, अलीगढ़।
4. श्री लोकेश शर्मा, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),अलीगढ़।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
6. श्री हेमन्त कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),अलीगढ़।
7. श्री अनिल कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),अलीगढ़।
8. जिला समन्वयक, जिला परियोजना एवं अनुश्रवण इकाई, अलीगढ़।
9. श्री अरविन्द कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), अलीगढ़।
10. श्री अजित कुमार, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, अलीगढ़।
11. उप परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0, मै0 आरवी एसोसियेट, अलीगढ़।
12. श्री नरेश माहेशवरी, परियोजना निदेशक, मैसर्स-आयन एक्सचेन्ज इण्डिया लि0, अलीगढ़।
13. श्री गौरव शर्मा, परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0।
14. श्री शिव मूर्ति पाण्डेय, ग्रुप प्रबन्धक, मै0 कल्पतरू (जे0एम0सी0)।
15. समस्त आई0एस0ए0 एजेन्सी अलीगढ़।

जिलाधिकारी महोदय, की अध्यक्षता में "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत जनपद-अलीगढ़ में सूचीबद्ध फर्मों क्रमशः 1-मैसर्स-आयन एक्सचेन्ज इण्डिया लि०, अलीगढ़, 2-मैसर्स कल्पतरू (जे०एम०सी०), अलीगढ़ एवं 3-मैसर्स पी०एन०सी० इन्फ्राटेक लि०, अलीगढ़ द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की गयी जिसमें निम्नानुसार निर्देशित किया गया:-

1. <u>मै० ऑयन एक्सचेन्ज इण्डिया लि०</u>:- जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फर्म की प्रगति रिपोर्ट प्रदर्शित की गई, अवगत कराया गया है कि फर्म द्वारा (फेज-2) जनपद में 'जल जीवन मिशन' कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 155 नग योजनाओं पर कार्य कराया जा रहा है, परन्तु फर्म की प्रगति शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार नहीं है और अत्यन्त धीमी है। अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म के पास मैन पावर एवं पर्याप्त कोष की कमी होने के कारण 155 नग शिरोपरि जलाशयों के सापेक्ष वर्तमान तक फर्म द्वारा मात्र 154 नग शिरोपरि जलाशयों पर कार्य प्रारम्भ किया जा सका है, जिसमें से 53 स्थानों पर शिरोपरि जलाशयों का कार्य पूर्ण है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियन्ता को उन योजनाओं को चिन्हित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है जिन पर भौतिक प्रगति 75-99 प्रतिशत है। उनपर यथाशीघ्र कार्य पूर्ण करायें एवं आगामी 1 माह में कम से कम 29 शिरोपरि जलाशय पर निर्माण कार्य पूर्ण कर एवं संचालित करके योजनाओं को ओ0एण्डएम0 में ले जाने हेतु फर्म को आदेशित किया गया। साथ ही फर्म के प्रतिनिधि को यह भी निर्देशित किया गया कि अगले माह के अन्त तक हर घर जल प्रमाणित ग्रामों की संख्या 12 से 16 किया जाना सुनिश्चित करे एवं जिन ग्रामों में निरन्तर पेयजलापूर्ति की जा रही है उसकी संख्या एक माह के अन्दर 82 से 100 कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त 78459 गृह जल संयोजनों के सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक मात्र 76992 गृह जल संयोजन प्रदान किये गये हैं। साथ ही जिला परियोजना प्रबन्धक टी०पी०आई० द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा वर्तमान तक कुल 211 राजस्व ग्रामों में से 165 राजस्व ग्रामों पर पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी ट्रैंच की पुर्नस्थापन का कार्य करा लिया गया है।

2. <u>मै० कल्पतरू जे०एम०सी०</u>:- जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फर्म की प्रगति रिपोर्ट प्रदर्शित की गई, अवगत कराया गया है कि फर्म द्वारा (फेज-3) जनपद में 'जल जीवन मिशन' कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 151 नग योजनाओं पर कार्य कराया जा रहा है, परन्तु फर्म की प्रगति शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार नहीं है और धीमी है। फर्म के पास मैन पावर की कमी होने के कारण 156 नग शिरोपरि जलाशयों के सापेक्ष वर्तमान तक फर्म द्वारा 155 नग शिरोपरि जलाशयों पर कार्य प्रारम्भ किया जा सका है, जिसमें से 112 स्थानों पर शिरोपरि जलाशयों का कार्य पूर्ण है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए अधोहस्ताक्षरी को उन योजनाओं को चिन्हित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है जिन पर भौतिक प्रगति 76-99 प्रतिशत है उन योजनाओं में कम से कम 25 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण कराने एवं दिनांक आगामी 01 माह में कम से कम 40 योजनाओं को ओ0एण्ड0एम0 में ले जाने हेतु आदेशित किया गया है। मै०

कल्पतरू (जे0एम0सी0) के परियोजना प्रबन्धक द्वारा आश्वस्त किया गया कि आगामी 01 माह में समस्त 77–99 प्रतिशत भौतिक प्रगति वाले शिरोपरि जलाशयों का कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। इसके अतिरिक्त ऐजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि 207 लक्षित राजस्व ग्रामों के सापेक्ष उनके द्वारा 116 राजस्व ग्रामों में निरन्तर पेयजलापूर्ति की जा रही है इस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त करते हुए अन्य 10 राजस्व ग्रामों जिन पर पाइप लाइन एवं एफ०एच०टी०सी० का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उन सभी राजस्व ग्रामों में 1 माह के भीतर निरन्तर पेयजलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त 63644 गृह जल संयोजनों के सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक 61722 गृह जल संयोजन ही किये गये हैं। जिसपर महोदय द्वारा फर्म के परियोजना निदेशक को प्रतिदिन 100 गृह जल संयोजन प्रदान करने के आदेश दिये गये। साथ ही जिला परियोजना प्रबन्धक टी०पी०आई० द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा वर्तमान तक कुल 207 राजस्व ग्रामों में से 192 राजस्व ग्रामों पर पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी ट्रैच की पुर्नस्थापन का कार्य करा लिया गया है। साथ ही अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा वर्तमान तक 34 राजस्व ग्रामों में निर्माण कार्य पूर्ण कर उनको 'हर घर जल' घोषित कर सर्टिफाइड करा लिया गया है। फर्म के परियोजना प्रबन्धक को एक माह में अन्य 6 ग्रामों का 'हर घर जल' प्रमाणिकरण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

3. <u>मै० पी०एन०सी० लि०</u>:– जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फर्म की प्रगति रिपोर्ट प्रदर्शित की गई, अवगत कराया गया है कि फर्म द्वारा (फेज–3) जनपद में 'जल जीवन मिशन' कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 418 नग योजनाओं पर कार्य कराया जा रहा है, परन्तु फर्म की प्रगति शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार नहीं है और कम है। फर्म के पास मैन पावर की कमी होने के कारण 418 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष वर्तमान तक फर्म द्वारा मात्र 416 नग शिरोपरि जलाशयों पर कार्य प्रारम्भ किया जा सका है, जिसमें से 126 स्थानों पर शिरोपरि जलाशयों का कार्य पूर्ण है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए फर्म के परियोजना प्रबन्धक को आगामी 1 माह में कम से कम 50 योजनाओं पर शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण कराकर योजनाओं को ओ0एण्ड0एम में ले जाने हेतु निर्देशित किया गया है। मै० पी०एन०सी० लि० के परियोजना प्रबन्धक द्वारा आश्वस्त किया गया कि आगामी 01 माह में 50 योजनाओं पर शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण कर संचालन एवं रख–रखाव में करा लिया जायेगा। इसके अतिरिक्त ऐजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उनके द्वारा लक्षित 654 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 424 राजस्व ग्रामों में निरन्तर पेयजलापूर्ति की जा रही है इस पर जिलाधकारी महोदय, द्वारा अन्य योजनाओं जिन पर पाइप लाइन एवं एफ०एच०टी०सी० का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उन उन 25 राजस्व ग्रामों को चिन्हित कर उनपर निरन्तर पेयजलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त 252836 गृह जल संयोजनों के सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक मात्र 247822 गृह जल संयोजन ही किये गये हैं। जिसपर महोदय द्वारा फर्म के परियोजना प्रबन्धक को प्रतिदिन 100 गृह जल संयोजन प्रदान करने के आदेश दिये गये। साथ ही जिला परियोजना प्रबन्धक टी०पी०आई० द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा वर्तमान तक कुल 654 राजस्व ग्रामों में से 552 राजस्व ग्रामों पर पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी ट्रैच की पुर्नस्थापन का कार्य कर लिया गया है। अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा वर्तमान तक 76 राजस्व ग्रामों में निर्माण कार्य पूर्ण कर उनको 'हर घर जल' घोषित कर सरटीफाईड करा लिया गया है। फर्म के परियोजना प्रबन्धक को एक माह में अन्य 10 ग्रामों का 'हर घर जल' प्रमाणिकरण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं अन्य 15 राजस्व ग्रामों चिन्हित कर उनपर निरन्तर पेयजलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। यह जांच कराने के आदेश दिये गये कि ग्राम पंचायतों में कोई भी मजरा ऐसा ना हो जिसमें पाइप लाइन बिछाने का कार्य नहीं कराया गया एवं गृह जल संयोजन का कार्य शेष है।

जिलाधिकारी महोदय, द्वारा उक्त के सम्बन्ध में सभी फर्मों को पुनः निर्देशित किया गया है कि दिनांक 30.04.2026 तक दिये गये लक्ष्यों को पर्याप्त मैन पॉवर लगाते हुये पूरी गंभीरता से पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही जल जीवन मिशन के कार्यों में हर माह घटकवार 15 प्रतिशत से अधिक तीव्रता लाने को आदेशित किया गया। इसके अतिरिक्त सभी फर्मों को उन स्थानों पर जहां ट्यूबवैल बोरिंग इत्यादि शेष है अथवा खारा पानी पाये जाने के कारण नवीन भूमि का चिन्हांकन किया जाना है उन सभी योजनाओं पर ई०आर०टी० टेस्ट के माध्यम से भूमि के चिन्हांकन हेतु निर्देशित किया गया।

साथ ही जिन स्थानों पर वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उन सभी स्थानों को तत्पश्चात मोटरेबल किया जा चुका है एवं यथाशीघ्र पाइप लाईन टेस्टिंग कराते हुये काटी गयी ट्रैच के पुर्नस्थापन का कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त फर्मों को उन योजनाओं को चिन्हित करने हेतु निर्देशित किया गया जिन पर 90–प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण है तथा आगामी समय में ओ०एण्ड०एम में ले जाना प्रस्तावित हैं। बैठक में उपस्थित सभी आई०एस०ए० संस्थाओं के प्रतिनिधि को महोदय द्वारा आदेशित किया गया है कि जिला पंचायत राज अधिकारी से समन्वय स्थापित कर फेज–1 के शेष कार्य जैसे बैंक में खाता खुलवाया जाना सुनिश्चित करें ताकि आई०एस०ए० संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत बिलों पर अग्रेतर कार्यवाही की जा सके। अन्त में अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि अवशेष सभी स्कूल, आगनवाडी एवं आरोग्य

केन्द्रों में सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर को लगाकर जल संयोजन प्रदान किया जाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

इसके पश्चात जिला तकनीकी इकाई बैठक में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद अलीगढ़ में दिसम्बर 2024 तक 'हर घर जल' रिपोर्टेड 189 ग्राम पंचायतों में से 183 ग्राम पंचायतों का जल सेवा आंकलन प्रपत्र पोर्टल पर ग्राम पंचायत सचिव के माध्यम से अपलोड कराया जा चुका है एवं यह भी अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 84 नग पेयजल योजनाऐं संचालन एवं रख–रखाव में सम्मिलित की जा चुकी है। जिनसे सुचारू पेयजलापूर्ति हेतु तकनीकी इकाई द्वारा विचार–विमर्श एवं परामर्श दिया जाना है।

समिति सदस्य द्वारा बुरहासी पेयजल योजना, विकास खण्ड–धनीपुर के लम्बे समय से अक्रियाशील होने के विषय में अवगत कराते हुए यथाशीघ्र पेयजलापूर्ति चालू किये जाने के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी। जिसके अनुक्रम में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में पेयजल योजना का संचालन एवं रख–रखाव ग्राम पंचायत द्वारा किया जा रहा था माह जून 2025 से उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा योजना के 10 वर्षो के संचालन एवं रख–रखाव हेतु फर्म चयनित की जा चुकी है। योजना के सुचारू संचालन हेतु सुदृढ़ीकरण का प्राक्कलन मुख्यालय लखनऊ प्रेषित किया जा चुका है। तथापि पेयजल योजना के सबमर्सेबिल, स्टॉटर व लीकेज आदि मरम्मत कराते हुये योजना आंशिक रूप से संचालित की जा चुकी है एवं योजना के ग्राम इतावली में पेयजलापूर्ति की जा रही है। अवशेष कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराते हुए जून 2026 तक सुचारू संचालन किया जाना प्रस्तावित है।

अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़ को पुर्नस्थापित ट्रैंच/सड़क की मरम्मत संचालन एवं रख–रखाव में सम्मिलित 84 नग पेयजल योजनाओं से नियमित जलापूर्ति का स्थलीय सत्यापन कराने के निर्देश दिये गये।

Digitally signed by
LOKESH SHARMA
Date: 30-03-2026
19:00:04
(लोकेश शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

Digitally signed by
SANJEEV RANJAN
Date: 01-04-2026
10:34:19
(संजीव रंजन)
जिलाधिकारी अलीगढ़

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।

पत्रांक– 760 / निर्मा0/अनु0ओ0 / 34    दिनांक– 01-4-2026

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, अलीगढ़ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़।
4. मुख्य अभियन्ता (आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।
6. जिला पंचायतराज अधिकारी, अलीगढ़।
7. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद–अलीगढ़।
8. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, अलीगढ़।
9. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
10. अधिशासी अभियन्ताा, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), अलीगढ़।
11. अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, अलीगढ़।
12. खण्डान्तर्गत समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।
13. जिला समन्वयक, जिला परियोजना एवं अनुश्रवण इकाई, अलीगढ़।
14. जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0, मै0 आरवी एसोसियेट, अलीगढ़।
15. परियोजना निदेशक, मैसर्स– आयन एक्सचेन्ज इण्डिया लि0, अलीगढ़।
16. परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0, अलीगढ़।
17. परियोजना प्रबन्धक, मै0 कल्पतरू जे0एम0सी0, अलीगढ़।
18. समस्त आई.एस.ए., एजेन्सी, अलीगढ़।

अधिशासी अभियन्ता